SNEH TEACHERS TRAINING COLLEGE, JAIPUR
"Foster Emotional Intelligence in Youth Through Education" (ICFEIYE-2024)
DATE: 15 April 2024
International Advance Journal of Engineering, Science and Management (IAJESM)
Multidisciplinary, Indexed, Double-Blind, Open Access, Peer-Reviewed, Refereed-International Journal, Impact factor (SJIF) = 7.938

बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की सांवेगिक बुद्धि एवं शिक्षण प्रभावशीलता के मध्य सहसंबंध का अध्ययन करना

डॉ. योगिता सोमानी, सहायक प्राध्यापिका, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर

सारांश

प्रस्तुत शोध में बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि एवं शिक्षण प्रभावशीलता में तुलनात्मक अध्ययन किया गया है। शोध के लिये प्रस्तुत अध्ययन में मंदसौर शहर के 2 शिक्षा महाविद्यालयों का चयन स्तरीकृत याद्दच्छिक लाटरी विधि द्वारा किया गया। प्रत्येक महाविद्यालय से 25 महिला प्रशिक्षणार्थी एवं 25 पुरूष प्रशिक्षणार्थी का चयन किया गया। इस प्रकार कुल 50 महिला प्रशिक्षणार्थी एवं 50 पुरूष प्रशिक्षणार्थी कुल 100 पुरूष प्रशिक्षणार्थियों का चयन न्यादर्श के लिये किया गया। प्रदत्तों के संकलन के लिये शोधार्थी द्वारा डॉ. एस. के मंगल द्वारा निर्मित मंगल इमोशनल इन्टेलीजेन्स इन्वेन्ट्री (MEII) का एवं शिक्षण प्रभावशीलता के लिये स्वनिर्मित मापनी का प्रयोग किया गया। इस शोध कार्य में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया। आँकड़ों के विश्लेषण एवं व्याख्या हेतु कालपियर्सन सहसंबंध गुणांक सांख्यिकी विधि का प्रयोग किया गया। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ कि बी.एड. पुरूष एवं महिलाओं प्रशिक्षणार्थियों के मध्य उनकी संवेगात्मक बुद्धि में धनात्मक उच्च सहसंबंध पाया गया। बी.एड. पुरूष एवं महिलाओं प्रशिक्षणार्थियों के मध्य उनकी शिक्षण प्रभावशीलता में धनात्मक उच्च सहसंबंध पाया गया। बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के मध्य उनकी सांवेगिक बुद्धि एवं शिक्षण प्रभावशीलता में धनात्मक उच्च सहसंबंध पाया गया।

मुख्य शब्द – बी.एड. प्रशिक्षणार्थी, सांवेगिक बुद्धि एवं शिक्षण प्रभावशीलता

iajesm
Quality Of Work... Never Ended...